तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

10 विजयदशमी त्यौहार: बुराई पर अच्छाई की हुई जीत...



10 विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक सेंसर- प्रोग्रामिंग के साथ आधुनिक...



खबर संक्षेप

मकान की दीवार तोड़कर चुराया हजारों का सामान

यमुनानगर। चोरों ने जगाधरी के हुडा सेक्टर 17 स्थित सूने मकान की दीवार तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मकान मालिक 10 दिन बाद जब अपने मकान पर आया तो उसे चोरी की जानकारी मिली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अंबाला जगाधरी रोड स्थित मालवीय नगर निवासी अनुज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका हुडा सेक्टर 17 में मकान है। 11 अक्टूबर को वह मकान का ताला लगाकर अपने घर चला गया था।

तेजधार हथियार से युवक पर हमला कर किया घायल

यमुनानगर। गांव कामी माजरा में रंजिश के चलते पांच लोगों ने गांव के ही रवि कुमार पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कामी माजरा निवासी रवि कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले राकेश कुमार व रिशिपाल के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। रवि कुमार ने बताया कि 18 अक्टूबर को रात 10 बजे वह गांव में किसी काम से जा रहा था।

धान उठान में न बरती जाए लापरवाही

अंबाला। जिले की मंडियों में धान खरीद और उठान के लिए प्रशासनिक सख्ती बढ़ा दी गई है। अब तक जिला में 3.16 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसमें से 2.63 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। जबकि 91 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान का उठान अभी बाकी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सोमवार को अपने कार्यालय में धान खरीद कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से अब तक की प्रगति का पूरा ब्योरा लिया। बैठक में वीसी के जरिए जुड़े सभी संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की मंडियों का लगातार औचक निरीक्षण करें ताकि खरीद और उठान प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

नशा तस्करी के मामले में मां-बेटी गिरफ्तार

अंबाला। सीआईए नारायणगढ़ टीम को एक और बड़ी सफलता हासिल हुई है। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशा तस्करी के आरोप में एक मां और बेटी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी महिला दोनों मां और बेटी है जिनके कब्जे से 47 किलो 730 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया गया है। आरोपी महिला किसी वाहन में सवार होकर आई थी। नशा सप्लाई करने के लिए थाना साहा क्षेत्र के अंतर्गत लंगर छन्नी में इंतजार कर रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी महिलाओं को काबू कर लिया। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में महिला आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे इस मादक पदार्थ को दिल्ली से लेकर आई थीं।

बच्ची से यौन शोषण के आरोपी को भेजा जेल

पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल में केजी में पढ़ने वाली पांच साल की बच्ची से यौन शोषण के आरोपी स्कूल वैन ड्राइवर 35 वर्षीय वैन चालक जोगिंद्र निवासी फरीदपुर को पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, आरोपी के परिजन कोर्ट पहुंचे और वहां हंगामा करते हुए उसे बेगुनाह बताया।

सीएम से किया जय भारत कला मंच को 11 लाख रुपये देने का ऐलान

श्रीराम का जीवन हमें धैर्य व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है : सैनी

मुख्यमंत्री ने लाडवा में रामलीला शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी ने कहा कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में जीत सत्य और धर्म की ही होती है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें धैर्य, मयार्दा, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और अच्छाई का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ प्रदेश में विकास कार्य करवा रही है। सरकार का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचे और प्रदेश में आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता तथा सद्भाव की भावना और मजबूत हो।



राम के आदर्श अपनाने का किया आह्वान

मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी ने मंगलवार को लाडवा में जय भारत कला मंच द्वारा निकली गई शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुगनी देवी स्कूल के सामने जय भारत कला मंच द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई विशाल शोभायात्रा को रवाना करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम की आरती की और शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने जय भारत कला मंच को 11 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। जय भारत कला मंच की ओर से निकाली गई विशाल शोभायात्रा लाडवा की संगम मार्केट स्थित रामलीला स्थल से शुरू हुई। इसके बाद शोभायात्रा शहर की मुख्य सडकों से होते हुए शिवाला रामकुंडी पहुंची। शोभायात्रा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और विजयदशमी पर्व के महत्व का संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने सभी से आह्वान किया कि वे त्योहारों को केवल उत्सव के रूप में मनाने तक सीमित न रखें, बल्कि उनसे मिलने वाली शिक्षाओं को अपने व्यवहार में भी उतारें। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति सत्य, मयार्दा और सद्भाव के रास्ते पर चलेगा, तभी एक बेहतर समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। इस अवसर पर भाजपा के मुख्यामंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, जिला कोषाध्यक्ष अंकुश गोयल, समाजसेवी सचिन गर्ग, नपा प्रधान साक्षी खुराना, लाडवा मंडल प्रधान शिव गुप्ता, पूर्व नपा प्रधान नरेंद्र सिंघल, मंच के प्रधान अश्वनी गोस्वामी, सदस्य रोकी शर्मा, रोबिन गर्ग, विशाल भाद्वाज, विक्की मलिक, सुमित सैनी, सागर वर्मा, हन्नी शर्मा सहित मंच के अनेक सदस्य मौजूद थे।

बिजली कर्मचारियों ने फूंका सरकार का पुतला

21 अक्टूबर से आंदोलन तेज करने का फैसला



पिहोवा। नारेबाजी करते बिजली कर्मी।

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| पिहोवा

दशहरे के मौके पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बिजली कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बिजली मंत्री अनिल विज और हरियाणा विद्युत नियामक आयोग एचईआरसी के अध्यक्ष के पुतले फूंके। कर्मचारियों ने सरकार पर समझौते से पीछे हटने और नूंह व गुरुग्राम के लिए दोबारा पैरेलल लाइसेंस जारी करने का आरोप लगाया। यूनियन के प्रधान बलबीर रंगा और सचिव रणजीत सिंह ने बताया कि साझा मोर्चा के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 2026 को बिजली कर्मचारियों के साथ हुए समझौते के बावजूद पैरेलल लाइसेंस जारी किए जाने से कर्मचारियों में रोष है। इस मुद्दे पर बिजली कर्मचारियों में प्रदेश सरकार के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी सरकार द्वारा इन कंपनियों को जारी किए गए लाइसेंस की प्रतियां जलाकर विरोध जताएंगे।

बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन

पानीपत। बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर पानीपत सर्कल में बिजली निजीकरण के विरोध में बिजली मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सैनी और एचईआरसी अध्यक्ष मुकेश गर्ग के पुतले फूंके गए। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव सुरेंद्र पूनिया और राजेंद्र नैन ने की। जबकि संचालन प्रमोद शर्मा ने किया। राज्य उपप्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि हरियाणा बिजली नियामक आयोग द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों में निजी कंपनी इलेवन पावर को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने का फैसला कर्मचारी और जनविरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे सरकारी बिजली निगमों को नुकसान होगा। संयुक्त मोर्चा ने 21 अक्टूबर को आयोग के आदेश की प्रतियां जलाने तथा 22, 23 और 24 अक्टूबर को प्रदेशभर में तीन दिन की पूर्ण हड़ताल करने का ऐलान किया। हड़ताल के तीसरे दिन आगे के आंदोलन की रणनीति घोषित की जाएगी।

युवक की खेतों में पीट पीटकर हत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने आरोपी किया काबू

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने करीब सवा चार महीने पहले गांव नाहर ताहरपुर के खेतों में पीट पीटकर युवक की हत्या करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अभी तक पांच आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। अपराध शाखा वन के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि युवक की पीट पीटकर हत्या मामले में पुलिस ने एक और आरोपी नाहर ताहरपुर निवासी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में आरोपी दुखेड़ी निवासी विश्वजीत, गांव नाहर ताहरपुर निवासी जितेंद्र कुमार, आशीष व वंश को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



यमुनानगर। हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी प्रदीप पुलिस हिरासत में।

यह है मामला

अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि गांव उर्जनी निवासी नवीन(32) की गत 6 जून को पुरानी रंजिश के चलते नाहरपुर ताहरपुर में खेत मे पीट पीट कर हत्या की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

यमुनानगर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बना रावण दहन, उमड़ी हजारों लोगों की भीड़ ने आतिशबाजी और अग्नि की लपटों के बीच इस भव्य नजारे को देखा।



मधुमक्खियों के काटने से किसान की मृत्यु, पत्नी को मिले 5 लाख रुपये

- मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना बनी पीड़ित परिवार का सहारा

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| नारायणगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, खेतीहर मजदूरों एवं मंडी श्रमिकों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना चलाई जा रही है। इसी योजना के तहत मार्केट कमेटी की ओर से गांव अंबली के स्वर्गीय सूरजभान की पत्नी मंजीत कौर को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। किसान सूरजभान की अपने खेत में काम करते समय मधुमक्खियों के काटने से मृत्यु हो गई थी। योजना के प्रावधानों के अनुसार उनकी पत्नी को यह सहायता राशि दी गई है। कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना का शिकार होने वाले किसानों, खेतीहर मजदूरों एवं मंडी श्रमिकों तथा उनके आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे साढ़े नौ लाख

यमुनानगर। विदेश भेजने के नाम पर गांव बसातियांवाला निवासी कुणाल से साढ़े नौ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जिला अंबाला के गांव शेरपुर निवासी तुषार त्यागी पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बसातियांवाला निवासी कुणाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला अंबाला के गांव शेरपुर निवासी तुषार त्यागी के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। इस दौरान आरोपी ने मार्च 2025 से अगस्त 2026 के बीच उससे अलग-अलग करके विदेश भेजने के नाम पर साढ़े नौ लाख रुपये ठग लिए। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी से पैसे मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

सिविल अस्पताल परिसर में महिला की मौत

पानीपत। पानीपत के सिवितल अस्पताल की इमरजेंसी में सोमवार रात को इलाज के लिए पहुंची करीब 50 वर्षीय नफीसा निवासी गांव शिमला गुजरान, जिला पानीपत मौत हो गई। परिजनों का आरोप था कि महिला को यहां इलाज नहीं मिला, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि नफीसा को खून की उल्टियां हो रही थीं। परिजन नफीसा को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे थे। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने नफीसा को इंजेक्शन और दवा तो दी, जबकि उसे अस्पताल में भर्ती करने से इनकार कर दिया। परिजनों के अनुसार, डॉक्टरों ने मंगलवार को विजयदशमी का अवकाश होने व बुधवार को नफीसा को फिर अस्पताल लाने की सलाह दी। परिजन, नफीसा को गाड़ी में बैठा कर अस्पताल के गेट तक ही पहुंचे थे कि नफीसा की मौत हो गई। परिजन फिर नफीसा को लेकर अस्पताल पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि नफीसा को चिकित्सकों ने देखने से मना कर दिया।

कहासुनी के बाद गर्दन पर चाकू से किया था वार, मुख्य आरोपी रमन गिरफ्तार



करनाल। करनाल पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी रमन उर्फ काला निवासी गांव बड़ागांव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के दिशा-निर्देशन में सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि गांव बड़ागांव निवासी बलदेव उर्फ गौरव 18 अक्टूबर की रात तरावड़ी स्थित रास बसेरा के फ्लैट में गया था। वहां किसी बात को लेकर उसकी रमन उर्फ काला के साथ कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर रमन ने बलदेव की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इस संबंध में 19 अक्टूबर को थाना तरावड़ी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए-1 ने जांच करते हुए मुख्य आरोपी रमन उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से वारदात के कारणों और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को लेकर पूछताछ कर रही है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की लापरवाही से हुए हादसे में मां-बेटे की मौत, मोहाली से लौट रहे थे

- एक अन्य हादसे में वाहन चालक की भी गई जान, पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला और उसके बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा नेशनल हाईवे-44 पर जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जबकि दूसरा हादसा पड़ाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहड़ा-शाहपुर मार्ग पर हुआ। यहां गलत साइड से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने चालकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दूसरा दर्दनाक हादसा अंबाला-लाडवा मार्ग पर रिंग रोड मोहड़ा-शाहपुर रोड के पास चैतन्य स्कूल के सामने हुआ। यहां गलत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित नीले रंग के ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया। चालक घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया।मोहाली के खरड़ के कर्मचंद ने पड़ाव थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बहन किरण बाला वासी सैनी मोहल्ला, लाडवा, कुरुक्षेत्र और उनका भांजा कृष्णा धीमान खरड़ उनसे मिलने आए थे।

सुबह करीब पांच बजे दोनों अपनी टीवीएस जुपिटर स्कूटी पर सवार होकर लाडवा के लिए निकले थे जबकि कर्मचंद स्कूटी से उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। जब वे सुबह करीब पौने सात बजे शाहपुर डांगरी पुल के आगे पहुंचे तो कर्मचंद लघुशंका के लिए रुक गए। इस दौरान ही लापरवाह वाहन चालक ने उनको टक्कर मार दी।

लंका दहन से पहले ही फूंक दिए तीनों पुतले

अधजले रावण का सिर उठा भागने लगे लोग

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| करनाल

करनाल के सेक्टर-4 स्थित दशहरा ग्राउंड में मंगलवार को विजयादशमी उत्सव के दौरान अव्यवस्था की तस्वीर भी सामने आई। रामलीला के मंचन में लंका दहन से पहले ही रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों में आग लग गई। तीनों पुतले निर्धारित क्रम से पहले ही जलने से दशहरा देखने पहुंचे लोगों में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई।

पुतलों के जलने के दौरान स्थिति उस समय और बिगड़ गई, जब कुछ लोग अधजले पुतलों की ओर दौड़ पड़े। सामने आई तस्वीरों में एक अधजला पुतला जमीन पर पड़ा दिखाई दे रहा है और मौके पर पुलिसकर्मी भीड़ को नियंत्रित करते नजर आ रहे हैं। बताया गया कि कुछ लोग अधजले रावण का सिर उठाकर ले जाने लगे, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को पीछे हटाने के लिए लाठियां दिखाकर खदेड़ना पड़ा।

आमतौर पर रामलीला के निर्धारित प्रसंग और लंका दहन के बाद रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन दशहरा उत्सव का मुख्य आकर्षण होता है, लेकिन इस बार तीनों पुतलों के पहले ही जल जाने से कार्यक्रम का क्रम प्रभावित हुआ।





करनाल। सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड में अधजले पुतले के पास उमड़ी भीड़ को पीछे हटाता पुलिसकर्मी।

अहंकार के प्रतीक रावण, कुंभकरण व मेघनाद के जलते पुतले देखने के लिए उमड़ा शहर

विजय दशमी पर्व पर जिलेभर में जगह जगह हुआ रावण व उसके कुनबे के पुतलों का दहन

पुतला दहन से पहले प्रभु श्रीराम और महाराजा रावण के बीच हुआ महायुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विजय दशमी का पर्व मंगलवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर में अधर्म के पुतले जलाए गए। मुख्य कार्यक्रम यमुनानगर के दशहरा परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान रावण का 70 फुट और मेघनाथ व कुंभकरण के 65-65 फुट के विशालकाय पुतलों को अग्नि की भेंट किया गया। पुतलों का दहन करने से पहले गणमान्य ने दशहरा ग्राऊंड में पहुंचकर लंकेश रावण का पूजन किया। मंगलवार सुबह से ही जिले भर में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले जगह-जगह लगाए जाने शुरू हो गए थे। पुतलों को लगाए जाने का क्रम दोपहर तक चलता रहा। शाम होते ही पुतलों को आग के हवाले कर दिया गया। सबसे मुख्य कार्यक्रम शहर के दशहरा ग्राऊंड में किया गया। जहां पर शहर और आसपास के हजारों लोगों ने पहुंचकर





यमुनानगर। के दशहरा ग्राऊंड में धू-धू कर जलते रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले। यमुनानगर में रावण के पुतला दहन से पहले महाराजा रावण व श्रीराम के बीच भयंकर युद्ध होता हुआ।

दशहरा परिसर स्थल पर पुलिस बल तैनात रहा

दशहरा पर्व के अवसर पर मंगलवार को शाम के वक्त जगह-जगह श्रीराम और रावण की सेनाएं पुतला लगाए गए स्थानों पर डट गई। काफी देर तक दोनों सेनाओं के बीच भीषण संग्राम हुआ और अंत में धड़ाम की आवाज के साथ ही महाराजा रावण का अंत हो गया। जगह-जगह महाराजा रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले धू-धू कर जलने लगे।-सुरक्षा के किए थे कड़े इंतजाम रावण के कुनबे के पुतलों के दहन के समय दर्शकों की आपार भीड़ जुटने की वजह से पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। इस दौरान शहर के चौराहों, मेन बाजार व दशहरा परिसर स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था। खास बात यह रही कि दशहरा परिसर में संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखने के लिए शादी वर्दी में जवान तैनात किए गए थे।

डीसी ने दी बधाई

जिले में दशहरा पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होने पर उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला की जनता को दशहरे के पावन पर्व की बधाई दी और लोगों के खुशहाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोहा

यमुनानगर के दशहरा परिसर में रावण के पुतले को आग की भेंट करने से पहले आतिशबाजी का शानदार कार्यक्रम किया गया। जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दशहरा पर्व के मौके पर हजारों लोगों की भीड़ जुटी। इसी तरह छोटा मॉडल टाऊन स्थित ग्राऊंड व शक्तिनगर ग्राऊंड में बच्चों द्वारा बनाए गए रावण को राम सेना ने आग की भेंट चढ़ाया। खास बात यह है कि शक्ति नगर में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी जेब खर्ची के पैसे बचाकर रावण का पुतला स्वयं बनाया। इस दौरान लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। बच्चों में भी दशहरा पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। लोगों ने परिवार सहित पर्व मनाया और आतिशबाजी का आनंद लिया।

रादौर में बनाया गया था 60 फुट का पुतला



रादौर। श्री श्याम दशहरा कमेटी रादौर के तत्वावधान में दशहरा पर्व के मौके पर मंगलवार को कस्बा के सफल पैलेस के समक्ष मैदान में 60 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतले के दहन से पहले कमेटी सदस्यों और गणमान्य ने रावण के पुतले का विधिवत पूजन किया। कमेटी के प्रधान विजय आढ़ती ने बताया कि कमेटी की ओर से पिछले पांच वर्षों से दशहरे के अवसर पर रावण के पुतले के दहन को लेकर कार्यक्रम आयोजित का जाता रहा है। उन्होंने बताया कि रावण एक महान ज्ञानी, बलशाली होने के बावजूद केवल एक पाप ने उसकी पूरी प्रतिष्ठा को दाव पर लगा दिया। आज भी लोग रावण को माता सीता को हरण करने के पाप के चलते माफ नहीं करते। श्रीरामचंद्र ने रावण का वध कर माता सीता व पूरे विश्व को रावण के पापो से मुक्ति दिलाई थी। इसलिए हमें भी रावण के जीवन से प्रेरणा लेकर किसी भी पापयुक्त कार्यों में अपनी भागीदारी नहीं करनी चाहिए। वहीं, भगवान श्रीराम जी के जीवन के प्रेरणा लेकर मर्यादा में रहकर कर्म करना चाहिए।



यमुनानगर। यमुनानगर के डीसी कार्यालय में आयोजित जिलास्तरीय मानिटरिंग कमेटी की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

प्राथमिकता के आधार पर दिलाएं पीड़ितों को न्यायः डीसी

- उपायुक्त प्रीति ने बैठक में मॉनिटरिंग कमेटी के अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला मानिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के तहत जो भी मामले आते हैं उनके केसों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

डीसी प्रीति ने कहा कि पोक्सो एक्ट में 60 दिन में जांच का प्रावधान है। ताकि पीड़तिों को समय से न्याय मिल सकें। उन्होंने कहा कि पीड़तिों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उपायुक्त प्रीति ने बैठक में चिन्हित अपराध, पोक्सो एक्ट, हत्या, बलात्कार व महिलाओं से छेड़छाड़ के गंभीर मामले और महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट के केसों पर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके।

फुटेज महत्वपूर्ण

विशेष रूप से चैन स्नेचिंग , मोबाइल स्नेचिंग तथा अन्य घटनाओं में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल करते हुए आरोपियों तक पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की जांच निष्पक्ष एवं निर्धारित समयावधि में पूरी की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध न्यायालय में मजबूत पैरवी करते हुए उन्हें कानून के अनुसार सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस की सक्रियता के साथ साथ तकनीकी संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल भी जरूरी है। बैठक के दौरान विभिन्न मामलों से संबंधित अधिवक्ताओं एवं जांच अधिकारियों ने मामलों की प्रगति से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया। इस अवसर पर सहायक निदेशक अभियोजन धर्मचंद, जिला न्यायवादी कर्मवीर राठी, संबंधित केस के अधिवक्ता और जांच अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर केसों की जांच की जाए और तथ्यों को मजबूती के साथ पेश करें ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। मौके पर एसपी कमलदीप गोयल भी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

माइनिंग में लिप्त ट्रक को छुड़ा ले गया चालक

यमुनानगर। रादौर नाके पर तैनात कर्मचारियों के साथ हाथापाई करके अवैध माइनिंग में लिप्त ट्रक को चालक भगा ले गया। पुलिस ने ट्रक चालक व गाड़ी मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जन स्वास्थ्य विभाग उपमंडल में तैनात पलविंदर सिंह ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी ड्यूटी रादौर स्थित नाके पर लगी हुई है। 19 अक्टूबर को दोपहर ढ़ाई बजे एक ट्रक नाके से गुजर रहा था। ट्रक में अवैध मीनिंग सामग्री भरी हुई थी। जब उन्होंने अवैध माइनिंग सामग्री से भरे ट्रक को रोककर उससे पूछताछ की तो आरोपी ट्रक ड्राइवर ने फोन करके गाड़ी मालिक युद्धवीर को मौके पर बुला लिया।

महिला तीन वर्षीय बेटे के साथ में लापता

यमुनानगर। गांव ढाकवाला से एक महिला अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव ढाकवाला निवासी हैप्पी ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 19 अक्टूबर को उसकी अपनी पत्नी कोमल के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद वह किसी काम से घर से बाहर चला गया। जब वह वापस लौटा तो उसे अपनी पत्नी कोमल व तीन वर्षीय बेटा घर से गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कुछ भी पता नहीं चला।

महर्षि भगवान वाल्मीकि का प्रकट दिवस मनेगा

रादौर। महर्षि भगवान वाल्मीकि सभा के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस 26 अक्टूबर को रादौर के वार्ड नंबर 13 में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भाग लेंगे। सभा के वरिष्ठ सदस्य विपिन वाल्मीकि ने बताया कि कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि होंगे। जबकि हरियाणा सफाई आयोग के चेयरमैन ईश्वर पलाका विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 26 अक्तूबर को सुबह 10 बजे स्थानीय लोग हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना करेंगे। वहीं, दोपहर 12 बजे श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अगले दिन दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकलेगी।

आपसी एकता का संदेश देते हैं त्योहार : कांसल

- महिला एवं बाल विकास के मिशन वात्सल्य के तहत आयोजित किया कार्यक्रम
- जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी मुकेश कंसल ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की सुरक्षा को लेकर वात्सल्य भवन में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी मुकेश कंसल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मुख्यातिथि एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी मुकेश कंसल ने बच्चों व नागरिकों से त्योहारो को शांतिपूर्वक व भाईचारा और सुरक्षित तरीके से मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें आपसी प्रेम, समानता, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हैं। इन नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारकर ही हम एक मजबूत समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने सभी समुदायों के लोगों से त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार के उपद्रव या अफवाहों से बचने और मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। भीड़ उमड़ती है। ऐसे में माता पिता और परिजनों को अपने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि बच्चा भीड़ भाड़ वाले स्थानों में खो न जाए। अभिभावकों को बच्चों की विशेष निगरानी रखनी चाहिए।

बच्चों का हाथ न छोड़ें

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया मेलों और बाजारों की भीड़ में छोटे बच्चों का हाथ कभी न छोड़ें। उन्होंने नागरिकों से बच्चा लावारिस या गुमशुदा स्थिति में दिखाई दे तो तुरंत सजग नागरिक का कर्तव्य निभाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपकी छोटी सी सतर्कता किसी बिछड़े हुए बच्चे को उसके परिवार से मिला सकती है।

मांगों को लेकर एसडीओ से की मुलाकात

- यूनियन के राज्य महासचिव अमरीक सिंह ने किया प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन(रजिस्टर्ड नंबर 681) शाखा रादौर की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संबंधित इकाई के सदस्यों ने विभाग के एसडीओ से मिलकर मांगो को लेकर की बातचीत। एसडीओ रवि नायक ने यूनियन के सदस्यों द्वारा मांगो पर जताई सहमती। यूनियन के जिला प्रधान अनिल मुंजाल ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों की मांगों को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई। इसके बाद कर्मचारियों ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बैठक में यूनियन के राज्य महासचिव अमरीक सिंह विशेष रुप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और कर्मचारियों की कुछ मांगों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं, कुछ अन्य मांगों के समाधान के लिए उपमंडल अभियंता ने एक से दो सप्ताह का समय मांगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने संगठन और राज्य महासचिव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाखा प्रधान सुरजीत सैनी, शाखा सचिव अश्वनी शर्मा, ब्रांच उपप्रधान बलदेव सिंह, ब्रांच कैशियर राजेंद्र सैनी, जगदीश मंसूरपुर, सुभाष सैनी, मायाराम, साहिल आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। यमुनानगर के रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ओवरलोडेड वाहनों से क्षतिग्रस्त हो रही गलियां

- रादौरवासियों ने जिला प्रशासन से गलियों से गुजर रहे ओवरलोडेड वाहनों पर की अंकुश लगाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर के रादौर कस्बा की गली से गुजरता हुआ ओवरलोडिड वाहन।

रादौर कस्बा में गलियों से ओवरलोडिड वाहनों के गुजरने से लोग परेशान हैं। ओवरलोडिड वाहनों के गुजरने से कस्बा की गलियां टूटकर बिखरने लगी हैं। वहीं, लोगों को हादसे होने का डर सताने लगा है। कस्बावासियों ने जिला प्रशासन से रादौर की गलियों से गुजर रहे ओवरलोड़ि वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की। कस्बावासी नरेंद्र, अनिल, साहिल, दीपक, प्रवेश, गुलशन व देवेंद्र आदि ने बताया कि रादौर में पश्चिमी यमुना नहर पुल से लेकर जेएमआईटी चौक तक ओवरलोडिड वाहनो का आवागमन हो रहा है। ओवरलोड़ि वाहन कस्बा की गलियों से होकर तेजगति से गुजर रहे हैं।

कई वाहनों पर नहीं होती नंबर प्लेट

जिनसे कभी भी जहां बड़ा हादसा होने का लोगों को डर सताने लगा है। वहीं, ओवरलोडिड वाहनों की वजह से कस्बा की गलियां क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश ओवरलोडेड वाहन ऐसे हैं जिन पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं है। कई वाहनों पर नंबर प्लेटों को काले रंग से ढक रखा है। उन्होंने बताया कि कस्बा की गलियां दिन प्रतिदिन ओवरलोडिड वाहनों के गुजरने से नीचे धंसने लगी हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से कस्बा से गुजर रहे ओवरलोडिड वाहनो पर अंकुश लगाए जाने की मांग की।

भाजपा की दमनकारी नीतियों से जनता हो रही है परेशानः उमेश बुबका

रादौर। कांग्रेस द्वारा रादौर क्षेत्र में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत दर्जन भर गांव में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया। इस दौरान अभियान का नेतृत्व कांग्रेस के रादौर विधानसभा क्षेत्र के विस नेता उमेश बुबका ने किया। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कांग्रेस के विस नेता उमेश बुबका के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांव गांव टोपरा कलां, औरंगाबाद, हसनपुरा, टोडरपुर, पासीका डेरा, मारुपुर, ठसका, मसाना, ढुधला व धुधली आदि गांवों का दौरा किया। मौके पर विस नेता उमेश बुबका ने ग्रामीणों को बताया कि कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण जनता पार्टी से जुड़ती जा रही है। जिससे कांग्रेस पार्टी का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इससे पता चलता है कि जनता भाजपा की दमनकारी नीतियों से तंग आ गई है। वइस अवसर पर जितेन्द्र, रिंकू, अशोक, राजकुमार पूर्व सरपंच, प्रवेश, गुलशन, मोहन गोला पूर्व सरपंच, विनोद, नितेश, नायब सिंह, शिवचरण, साहब सिंह, जसविंदर, सालिम, मुस्तफा, सलमान, राज कुमार, बलराम व रिंकू आदि मौजूद रहे।



एक को मनाया जाएगा अहोई अष्टमी का पर्व : रिंकू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



अहोई अष्टमी का पर्व एक नवंबर को मनाया जाएगा। इस बार अहोई अष्टमी का शुभारंभ 1 नवंबर को दोपहर दो बजकर 51 मिनट से शुरु होकर 2 नवंबर को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। उक्त जानकारी पंडित रिंकू शर्मा दोहली ने दी। पंडित रिंकू शर्मा दोहली ने बताया कि अहोई अष्टमी के दिन माताएं अपने पुत्रों की भलाई के लिए उषाकाल (भोर) से लेकर गोधूलि बेला (शाम)तक उपवास करती हैं। शाम के दौरान आकाश में तारों को देखने के बाद व्रत तोड़ा जाता है। कुछ महिलाएं चन्द्रमा के दर्शन करने के बाद व्रत को तोड़ती हैं। लेकिन इसका अनुसरण करना कठिन होता है। क्योंकि अहोई अष्टमी के दिन रात में चन्द्रोदय देर से होता है। अहोई अष्टमी व्रत का दिन करवा चौथ के चार दिन बाद और दीवाली पूजा से आठ दिन पहले पड़ता है। करवा चौथ के समान अहोई अष्टमी उत्तर भारत में ज्यादा प्रसिद्ध है। अहोई अष्टमी का दिन अहोई आठे के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि यह व्रत अष्टमी तिथि जो कि माह का आठवां दिन होता है के दौरान किया जाता है। करवा चौथ के समान अहोई अष्टमी का दिन भी कठोर उपवास का दिन होता है और बहुत सी महिलाएं पूरे दिन जल तक ग्रहण नहीं करती हैं।



वैदिक संस्कृति ही हमारी असली पहचान और संस्कारवान समाज की आत्मा : प्रीतम पाल

रादौर। आर्य युवा समाज हरियाणा के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वैदिक विरासत, नशामुक्त युवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रीतमपाल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक एवं डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति नई दिल्ली के उप प्रधान अनिल कुमार राव ने की। इस मुख्यातिथि एवं पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रीतम पाल ने कहा कि वैदिक संस्कृति ही हमारी असली पहचान और संस्कारवान समाज की आत्मा है। मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी अनिल कुमार राव ने कहा कि अनुशासन, कड़ा परिश्रम और उच्च नैतिक विचार ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को खेल, शिक्षा और समाज सेवा में लगाना ही युवा शक्ति का सच्चा सही उपयोग है।

जिला प्रशासन ने हल्के व भारी वाहनों के लिए आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग किए निर्धारित

जोड़िया नाका से अलीपुर तक रुट किया बंद

सड़क निर्माण कार्य के चलते प्रशासन ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के जोड़िया नाका से लेकर कुरुक्षेत्र जिला की सीमा स्थित अलीपुर तक किए जा रहे सड़क निर्माण को लेकर प्रशासन द्वारा हल्के व भारी वाहनों के लिए रुट बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस सड़क पर आवागमन करने वाले वाहनों के लिए प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। उक्त जानकारी थाना यातायात यमुनानगर के प्रभारी संदीप कुमार ने दी। संदीप कुमार ने बताया कि यमुनानगर के जोड़िया से लेकर कुरुक्षेत्र जिला की सीमा स्थित गांव अलीपुर तक सड़क निर्माण कार्य 21 अक्तूबर से शुरू होने के चलते इस मार्ग पर सभी प्रकार के हल्के और भारी वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और वाहन चालकों को परेशानी से बचाने के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित मार्गों का इस्तेमाल किए जाने की अपील की।

दो वैकल्पिक मार्ग



थाना यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि वाहन चालकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यमुनानगर से करनाल और कुरुक्षेत्र की ओर जाने वाले वाहनों के लिए दो वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। पहले मार्ग के तहत वाहन चालक यमुनानगर के शादीपुर चौक से जठलाना होते हुए रादौर त्रिवेणी चौक तक पहुंच सकेंगे। वहीं, दूसरे मार्ग के तहत वाहन चालक करेड़ा, अलाहर, करतारपुर और पाल्लेवाला से होते हुए रादौर त्रिवेणी चौक पर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इन वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण इसलिए किया गया है। ताकि सड़क निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार इन दोनों मार्गों में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

करनाल व कुरुक्षेत्र से यमुनानगर आने के लिए यह अपनाएं रास्ता

थाना यातायात प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि करनाल और कुरुक्षेत्र की ओर से यमुनानगर आने वाले वाहन चालकों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। इस दिशा से आने वाले वाहन रादौर बुबका चौंक से होते हुए टोपरा, खेड़ी लक्खा सिंह और हरनौल के रास्ते यमुनानगर की तरफ आएंगे। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से सड़क निर्माण कार्य के दौरान बंद मार्ग पर जाने से बचें और निर्धारित वैकल्पिक रास्तों का ही इस्तेमाल करने की अपील की। ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जा सके।

खबर संक्षेप

25 अक्टूबर को होगी शंख प्रक्षालन क्रिया

थानेसर। भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की ओर से रविवार, 25 अक्टूबर को मिजार्पुर स्थित योगाश्रम में शंख प्रक्षालन शुद्धि क्रिया करवाई जाएगी। आयोजन सुबह 6 से 10 बजे तक होगा। इसमें कुरुक्षेत्र व आसपास के योग जिलों के साधक और योग में रुचि रखने वाले लोग भाग ले सकेंगे। संस्थान के साधकों को 23 अक्टूबर शाम 4 बजे तक अपने योग जिले के प्रधान या मंत्री के माध्यम से पंजीकरण करवाना होगा। आमजन 24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे तक जिला संरक्षक मनीराम सैनी के नंबर पर संदेश भेजकर नाम दर्ज करवा सकते हैं। खिचड़ी के लिए प्रति साधक 150 रुपये सहयोग राशि देनी होगी।

गीता स्कूल के छात्रावास में मनाया दशहरा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के लाजपत छात्रावास में दशहरा पर्व मनाया गया। यह पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अंधकार पर प्रकाश की विजय का अमर प्रतीक है। प्रभु श्रीराम की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता का नया उजियारा आए—ऐसी छात्रावास परिवार कामना करता है। प्रातःकालीन यज्ञ एवं प्रार्थना कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य हवन-यज्ञ के साथ हुआ, यज्ञ आचार्य मोहित द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ पूर्ण विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस विशेष अवसर पर छात्रावास पालक आदरणीय जंगबहादुर सिंगला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने यज्ञ में सहभागिता निभाई।

थीम पार्क में धूमधाम से मनाया दशहरा, मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

जय श्रीराम के उद्घोष के साथ धूं-धूं कर जल उठा 101 फुट ऊंचा रावण का पुतला

मुख्यमंत्री सीएम नायब सिंह सैनी की पत्नी सुमन सैनी किया पुतलों का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। थीम पार्क में रावण के पुतले के दहन का दृष्य। फोटो : हरिभूमि

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में मंगलवार को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। थीम पार्क में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी की ओर से आयोजित उत्सव में रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया गया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा एवं मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी ने भगवान श्रीराम का प्रतीकात्मक रूप धारण कर तीर चलाकर पुतलों का दहन किया। इस दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। दशहरा उत्सव के लिए दोपहर 12 बजे सनातन धर्म मंदिर, न्यू कॉलोनी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शाम करीब पांच बजे थीम पार्क पहुंची। शोभायात्रा में ढोल-नगाड़े, बैंड, धार्मिक झांकियां और राम दरबार आकर्षण का केंद्र रहे। ढोल की थाप पर नाचते हुए श्रद्धालु उत्सव स्थल तक पहुंचे। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष साहिल सुधा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। थीम पार्क में रावण दहन के साथ भगवान हनुमान द्वारा लंका दहन का दृश्य भी प्रस्तुत किया गया। इसके लिए पुतलों के सामने मैदान में कृत्रिम लंका बनाई गई थी। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रंगीन आतिशबाजी ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। मैदान में लगे झूलों का बच्चों ने खूब आनंद उठाया। दिनभर लंगर प्रसाद चलता रहा। जेलबी का वितरण किया गया। इस अवसर पर दशहरा कमेटी के प्रधान अमित गुलाटी, धीरज गुलाटी, उमा सुधा, मलकीत ढांडा, माफी ढांडा, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सैनी, प्रेम मदान, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन गगन कोहली, मुकंद लाल सुधा, डॉ. राजेश वधवा, संजीव सीकरी, श्याम आहुजा, पार्षद मनिंद्र छिंदा, पार्षद सुधीर चुघ और पार्षद नरेंद्र चौहान, राहुल राणा, अमन भार्गव, राजू सेठी, पारूल मित्तल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। रावण दहन के बाद कुछ लोग पुतले की जली हुई लकड़ियां और अवशेष उठाने के लिए मैदान में दौड़ पड़े। पुतला पूरी तरह ठंडा होने से पहले ही अवशेष उठाने की जल्दबाजी में कुछ लोगों के हाथ झुलस गए। मान्यता के चलते लोग रावण के अवशेष घर ले जाने का प्रयास करते दिखाई दिए। इस दौरान सावधानी बरतने की जरूरत महसूस हुई।

बुराइयों को जड़ से मिटाने का आह्वान

मुख्यातिथि सुमन सैनी ने कहा कि युग कोई भी हो, बुराई पर अच्छाई की जीत होती आई है और आगे भी होती रहेगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे दशहरा मैदान से समाज में फैली बुराइयों को जड़ से मिटाने का संकल्प लेकर जाएं। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर काम करने और बेटियों के संरक्षण का विशेष संकल्प लेने की अपील की। दशहरा उत्सव कमेटी के संरक्षक एवं पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर की बुराइयों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज और देश के हित में सकारात्मक योगदान देना ही पर्व की वास्तविक भावना है।

दोपहर से ही जुटने लगी भीड़

दशहरा उत्सव में शामिल होने के लिए दोपहर से ही ग्रामीण क्षेत्रों और शहर के लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। मैदान में रावण का 101 फुट, कुंभकरण का 80 फुट और मेघनाद का 60 फुट ऊंचा पुतला आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चे पुतलों के साथ तस्वीरें खिंचवाते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के साथ लोगों के बैठने और खड़े होने के लिए भी इंतजाम किए गए थे। मैदान के चारों ओर लगी अस्थायी दुकानों पर भी लोगों, विशेषकर बच्चों की भीड़ दिखाई दी।



कुरुक्षेत्र। जनता का अभिवादन स्वीकार करते प्रसिद्ध अभिनेता एवं पूर्व सांसद राज बब्बर, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अहंकार रुपि बुराई को खत्म करने का त्योहार है दशहरा : राज बब्बर

■ धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी द्वारा ब्रहमसरोवर के पूर्वी तट पर आयोजित मेला ग्राऊंड में रावण कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। दशहरा उत्सव देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। दशहरा उत्सव में प्रसिद्ध अभिनेता एवं पूर्व सांसद राज बब्बर ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दशहरा कमेटी के संरक्षक एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने की, जबकि पूर्व विधायक मेवा सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पदमश्री महावीर गुड्डू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। कमेटी की ओर से राज बब्बर को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया व स्मृति चिह्न भेंट किया। प्रसिद्ध अभिनेता एवं पूर्व सांसद राज बब्बर ने देशवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके लिए सौभाग्य की बात है कि अशोक अरोड़ा के निमंत्रण पर पवित्र भूमि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में आने का मौका मिला। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। विधायक अशोक अरोड़ा ने मुख्यातिथि राज बब्बर का स्वागत करते हुए कहा कि सौभाग्य की बात है कि फिल्म अभिनेता राज बब्बर ने धर्मक्षेत्र दशहरा कमेटी का निमंत्रण स्वीकार किया व यहां पहुंचे।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर विवेक मैहता विक्की, पार्षद मनू जैन, परमवीर सिंह प्रिंस, पार्षद प्रतिनिधि शिवम बंसल, राजेंद्र सैनी, सूरजभान कटारिया, पवन मिगलानी, श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, पूर्व पार्षद दीपक सिंगला, सुनील कक्कड़, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान केके गुप्ता, विवेक भारद्वाज डब्बू, हिमांशु अरोड़ा, कुलदीप हथीरा, राधेश्याम गर्ग, सौरभ गर्ग, टेकचंद बारना, रणबीर बूरा, फतेहचंद गांधी, निशी गुप्ता, दीनानाथ अरोड़ा आदि रहे।



कार्यशाला में ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), कुरुक्षेत्र में एयरोमॉडलिंग क्लब और ड्रोन लैब के सहयोग से आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। 5 अक्टूबर से शुरू हुई इस कार्यशाला में चयनित 120 विद्यार्थियों को एयरोमॉडलिंग और ड्रोन तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के लिए 700 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए थे। इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा समर्थित क्षमता निर्माण परियोजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को वायुगतिकी की मूलभूत अवधारणाओं से लेकर सिमल्टेनियस लोकलाइजेशन एंड मैपिंग और ड्रोन स्वॉर्म जैसी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी दक्षता, नवाचार और टीम भावना को बढ़ावा देना रहा।



दयानंद कॉलेज ने जीती ओवरऑल रनर-अप ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र की छात्राओं ने तीन दिवसीय 49वें जोनल युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के लिए ओवरऑल रनर-अप ट्रॉफी हासिल की। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिरुचि का परिचय देकर संस्थान का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या ने विजेता छात्राओं और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का सशक्त मंच हैं। युवा महोत्सव समिति की संयोजिका डॉ. दीपा के नेतृत्व में समिति सदस्यों डॉ. रीतु, डॉ. मनजीत, डॉ. गरिमा, कुमारी कुलजीत, कुमारी अर्चना, डॉ. शगुन और श्रीमती नीतू ने छात्राओं की तैयारी और मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

49वें जोनल यूथ फेस्टिवल में टीम नंबर 73 का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में सेठ नवरंग राय लोहिया जय राम गर्ल्स कॉलेज, लोहार माजरा में आयोजित 49वें जोनल यूथ फेस्टिवल का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। 17 से 19 अक्टूबर तक चले तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव में युवा कलाकारों ने संगीत, नृत्य, नाटक, साहित्य और ललित कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव के दौरान कुल 42 प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। विभिन्न विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम नंबर 73 ने ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। महोत्सव में हरियाणवी लोक संस्कृति, पारंपरिक कलाओं और आधुनिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रतिभागियों ने लोक नृत्य, गायन, वादन, नाट्य प्रस्तुतियों, वाद-विवाद, भाषण और चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिताओं के परिणामों में टीम नंबर 73 ने कई विधाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। टीम ने नृत्य एवं थिएटर ट्रॉफी के साथ ओवरऑल ट्रॉफी भी हासिल की। टीम नंबर 28 को सेकंड रनर-अप ट्रॉफी मिली।

रामलीला श्रीराम के आदर्शों को जीवन अपनाने का देती है संदेशः मनदीप चट्ठा

■ सरस्वती राम नाटक क्लब के 100 वर्ष पूरे, विधायक मनदीप सिंह चट्ठा व महंत राजेंद्र पुरी ने किया दीप प्रज्ज्वलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



श्रीसरस्वती राम नाटक क्लब की ओर से रामलीला के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हलका विधायक मनदीप सिंह चट्ठा और जग ज्योति पीठ बिजड़पुर के महंत राजेंद्र पुरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर भगवान गणेश की आरती में भाग लिया। इसके पश्चात रामलीला का मंचन शुरू हुआ, जिसमें हनुमान शक्ति और अशोक वाटिका की लीला प्रस्तुत की गई। गीता मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। मंच संचालन उमाकांत शास्त्री और क्लब के महाप्रबंधक गोपाल कौशिक ने किया। क्लब द्वारा विधायक मनदीप चट्ठा एवं महंत राजेंद्र पुरी को समृद्धि चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक मनदीप सिंह चट्ठा ने कहा कि मनदीप चटठा ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला का मंचन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों, मयार्दाओं और जीवन मूल्यों को अपनाने का संदेश देता है। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, राकेश बधवार, सुखबीर ग्रेवाल, योगेश गुप्ता, संजीव चावला, जयपाल कौशिक, रविकांत कौशिक, लकी शर्मा, विनय अरोड़ा, धर्मवीर अत्री, पार्षद विकास चोपड़ा सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।



लाडवा। डिस्कवरी स्कूल में रावण दहन करते स्कूल स्टाफ।

दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक : रोहित

लाडवा। दा डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल लाडवा में दशहरे के अवसर पर उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ रावण दहन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने अपनी मेहनत, लगन और रचनात्मकता से रावण का पुतला तैयार किया तथा उसका दहन किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को दशहरे के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। रावण दहन हमें अपने जीवन से अहंकार, क्रोध और अन्य बुराइयों को दूर करने की प्रेरणा देता है। स्कूल के डायरेक्टर रोहित गर्ग ने शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोडने के साथ-साथ उनमें नैतिक मूल्यों का विकास भी करते हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व बच्चे भी मौजूद थे।

श्रीराम का जीवन त्याग और धर्म का संदेश है : डॉ. श्रीप्रकाश

कुरुक्षेत्र। वैदिक काल से ही भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक और शौर्य की उपासक रही है। हमारी संस्कृति की गाथा इतनी निराली है कि देश के अलावा विदेशों में भी उनकी गूँज सुनाई देती है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित विजय संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की स्तुति से हुआ। विजय संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा हमारा इतिहास साक्षी है, हर युग में अन्याय, अहंकार, अत्याचार और आतंकवाद जैसे कलंक रूपी असुर रहे है।

देवासुर संग्राम में सत्य की होती है विजय : सिद्धार्थ औलिया

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु धारा हिमाचल प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर आचार्य कुंजबिहारी और शिक्षा को ऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धारा और तंजीमे सूफिया के संरक्षक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने 19 अक्टूबर को 200 से अधिक साधकों के साथ गिरिडीह स्थित सूफी बाबा की दरगाह पर हाजिरी लगाई।



धार्मिक आयोजनों से धर्म, संस्कार और सद्भाव की भावना होती है मजबूतः महंत भीम पुरी

पिहोवा। गांव धनीरामपुरा स्थित मां बगलामुखी धाम में महंत भीम पुरी महाराज के सानिध्य में नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान का मंगलवार को नवमी के पावन अवसर पर विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। पं. गंगा प्रसाद शास्त्री, अखिलेश तिवारी, गीत राम शास्त्री, नितेश तिवारी सहित अनेक ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ यजमानों का अनुष्ठान संपन्न कराया। धार्मिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया गया।



भगवान परशुराम कॉलेज में जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर-5 स्थित भगवान परशुराम कॉलेज के प्रांगण में शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर कमेटी की ओर से आयोजित अनामी ए साईं दिवस खेल ट्रायल आयोजित किए गए। इसमें पारंपरिक ग्रामीण खेलों का नजारा देखने को मिला। पारंपरिक खेलों ने दर्शकों को उनके बचपन की सुनहरी यादों से जोड़ दिया। आयोजकों के अनुसार यह जोन-स्तरीय खेल ट्रायल कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, करनाल और यमुनानगर जिलों के लिए आयोजित किया गया। इस दौरान सबसे बड़ा आकर्षण गुलस्टिक खेल रहा। जैसे ही गुलस्टिक के मुकाबले शुरू हुए, मैदान में बैठी भीड़ सांसें थामकर देखने लगी। स्टिक और गिल्ली के इस पारंपरिक खेल में खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबले खेले।

श्रीदुर्गाष्टमी जागरण में सवाई भाट, सौम्या पाठक और राकेश राणा ने भजनों से बांधा समां

पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने किया भारत माता का पूजन

कार्यक्रम में न्यायमूर्ति इंदिरा बैनर्जी रहीं मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





कुरुक्षेत्र। भद्रकाली मंदिर में पूजा करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, अन्य और प्रस्तुति देते कलाकार।

श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर श्री दुर्गाष्टमी जागरण का भव्य आयोजन किया गया। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा के सान्निध्य में आयोजित जागरण में राजस्थान के प्रसिद्ध गायक सवाई भाट, रांची की भजन गायिका सौम्या पाठक और सहारनपुर के भजन गायक राकेश राणा ने मां भगवती के भजनों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति इंदिरा बैनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। एमिल फार्मास्यूटिकल्स ग्रुप, दिल्ली के के.के. शर्मा और पूर्व मंत्री सुभाष सुधा मुख्य यजमान रहे। अंबाला की मेयर अक्षिता सैनी ने ज्योति पूजन किया। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने संध्या महाआरती और मुख्य सूचना आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद ने कन्या पूजन किया। जागरण का शुभारंभ देवीकूप पर विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने मां के लाडले परिवारों को लाल शक्ति चुनरी और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा मंगल कलश वितरित किए। इसके बाद मां भद्रकाली के उत्सव श्रीविग्रह को पालकी में जागरण पंडाल तक लाया गया। छह वर्षीय कंजक श्लोका पंडित (कुहू) ने मंत्रोच्चारण के साथ ज्योति प्रज्ज्वलित कर पूजन किया। 52 शक्तिपीठों, 10 महाविद्याओं, नौ दुगार्ओं और पांच भवनों की प्रतीक ज्योतियां भी प्रज्ज्वलित की गईं।

मंच संचालन मीना जोशी ने किया

सवाई भाट ने मैया तेरे नाम के दीवाने हो गए, छाप तिलक और राधा राधा जैसे भजन सुनाए। सौम्या पाठक ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम से प्रस्तुति शुरू करते हुए अनेक भजन प्रस्तुत किए। राकेश राणा ने मां दा मेला आ गया और भद्रकाली दे मंदिरा ते सहित भजनों से समां बांधा। कलाकारों की जुगलबंदी पर श्रद्धालु झूम उठे। मंच संचालन मीना जोशी ने किया।

नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



कुरुक्षेत्र। अहलूवालिया मिसल के संस्थापक, दिल्ली के लाल किले पर सिख निशान साहिब फहराने वाले और 'सुलतान-उल-कौम' की उपाधि से विभूषित महान सिख योद्धा नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 18वीं शताब्दी के उस दौर में जब देश और धर्म पर विदेशी आक्रांताओं का संकट था, तब सिख साम्राज्य और पंथ की रक्षा में उनका योगदान अतुलनीय और ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने न केवल 'दल खालसा' का अत्यंत कुशल और रणनीतिक नेतृत्व किया, बल्कि मुगलिया सल्तनत के केंद्र दिल्ली के लाल किले पर कब्जा कर सिख पंथ का परचम लहराया। उनके अद्भुत पराक्रम, दूरदर्शिता और निस्वार्थ सेवा भाव को याद करते हुए विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर अहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया ने कहा, /"नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया जी का जीवन त्याग, धर्म की रक्षा और समाज सेवा का एक ऐसा जीवंत प्रतीक है, जो इतिहास के पन्नों से निकलकर आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है। हमें उनके दिखाए सत्य, न्याय और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस गरिमामयी अवसर पर सुभाष वालिया, सुरेंद्र वालिया, रणधीर वालिया, विजेंद्र वालिया, प्रदीप रोशा संजय वालिया, गौरांग वालिया व गौरव वालिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अहलूवालिया चौक पर माल्यार्पण कर महान योद्धा के चरणों में नतमस्तक होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

खबर संक्षेप

जवानों को मिली पदोन्नति

अंबाला। अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पंकज नैन ने सराहनीय सेवाओं और उत्कृष्ट कार्यशैली को देखते हुए रेंज के 12 पुलिस कर्मचारियों को हेड कांस्टेबल (एचसी) से सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नत किया है। इसमें मुख्य सिपाही देवीलाल, बबली कुमार, रजनीश कुमार, अशोक कुमार, रोहताश कुमार और जगदीश शामिल हैं। कुरुक्षेत्र से मुख्य सिपाही सूरजभान, मनजीत सिंह, कर्मवीर और आजाद सिंह, यमुनानगर से मुख्य सिपाही तरसेम मनोज को पदोन्नत किया गया है।

जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में तैराकों ने 40 पदक जीते

अंबाला। बहादुरगढ़ में आयोजित 43वीं सब-जूनियर और 53वीं जूनियर स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में जिले के तैराकों ने कुल 40 पदक अपने नाम किए, जिनमें 12 स्वर्ण, 11 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल हैं। इस बेहतरीन प्रदर्शन के साथ अंबाला ने तैराकी प्रतियोगिता में अपनी मजबूत धाक जमाई है। जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मबीर सिंह और स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने शिरकत की ।

पुरुष व महिला पहलवानों का चयन

अंबाला। आगामी राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा और केसरी कुमार दंगल (पुरुष व महिला) के लिए जिला स्तरीय टीमों के चयन के लिए ट्रायल संपन्न हो गए। छावनी स्थित वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के नजदीक बने एससी हॉस्टल परिसर में आयोजित इन ट्रायल्स में जिलेभर से आए करीब 250 पहलवानों ने भाग लिया। ट्रायल में फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन, महिला कुश्ती और विभिन्न केसरी व कुमार टाइटल वर्गों के लिए पहलवानों ने दमखम दिखाया। वहीं ट्रायल प्रक्रिया में सीनियर पुरुष व महिला, केसरी कुमार टाइटल, केसरी-मिट्टी पुरुष वर्ग तथा अंडर-17 और अंडर-20 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अवैध हथियार-चार जिंदा रौंद सहित एक गिरफ्तार

अंबाला। सीआईए-1 की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों सहित एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो अवैध हथियार (एक देशी पिस्तौल व एक देशी कट्टा) और चार जिंदा रौंद बरामद किए गए हैं। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई थी। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर थाना पड़ाव क्षेत्र के अंतर्गत मोहड़ा फ्लाईओवर के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान अक्षित उर्फ पुच्ची निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबाला छावनी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी लड़ाई-झगड़े से संबंधित आपराधीक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी से 1 अवैध देशी पिस्तौल, 1 देशी कट्टा, 4 जिंदा रौंद जब्त किए।

जिले में रही दशहरा मेलों की धूम, भारी भीड़ उमड़ी

विजयदशमी पर्व : बुराई पर अच्छाई की हुई जीत, धूं-धूंकर जले अहंकारी

जिले में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव, हर जगह रही कड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विजयदशमी का त्योहार मंगलवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान रावण व मेघनाथ के साथ कुंभकरण के पुतलों का भी दहन किया गया। इस बार भी जिले का सबसे ऊंचा रावण बराड़ा में तैयार किया गया था। जबकि अधोया में 90 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन रिमोट कंट्रोल से किया गया। हर जगह रावण-मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जुटी थी। इससे पहले मुख्य आयोजनों पर भव्य शोभायात्राएं निकाली गई। लोगों ने राम-लक्ष्मण, सीता व हनुमान के पात्रों के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। बता दें कि इस बार अंबाला कैंट में चार, अंबाला शहर में तीन जगहों पर दशहरे का कार्यक्रम आयोजित हुआ जबकि इसके अलावा साहा, शहजादपुर, नारायणगढ़ में भी दशहरे पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मेला स्थलों पर किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। खासतौर पर मुख्य सड़कों पर जाम न लगे इसके लिए भी पुलिस की ओर से खास बंदोबस्त किए गए थे।



अंबाला। बराड़ा में रावण के पुतले के दहन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



रिमोट का बटन दबाते ही जला रावण

बराड़ा। यहां आयोजित तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव का मंगलवार को रावण दहन के साथ भव्य समापन हुआ। दशहरा ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी अरुण गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर 100 फीट के रावण के विशाल पुतले का दहन किया। बटन दबाते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस दौरान दशहरा ग्राउंड में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महोत्सव के तीनों दिन लोगों में खासा उत्साह बना रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा रावण दहन का आनंद लिया।

पंजाबी गायकों के गीतों पर झूमे दर्शक

विक्रम राणा और अमरपाल राणा की अध्यक्षता में आयोजित दशहरा महोत्सव का शुभारंभ 18 अक्तूबर को पंजाबी गायक दिलप्रीत ढिल्लों की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। पहले दिन आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में गायक ने अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब दो घंटे तक चले कार्यक्रम में पंजाबी संगीत का खूब रंग जमा। महोत्सव के दूसरे दिन 19 अक्टूबर को पंजाबी गायक जर्मन मान ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। शाम को आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी गीतों की धुन पर लोग झूमते नजर आए। जर्मन मान की प्रस्तुति ने दशहरा महोत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। लगातार दो दिन तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पंजाबी संगीत का जादू छाया रहा। बराड़ा के अलावा आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग कार्यक्रमों का आनंद लेने पहुंचे।

अधोया में 90 फुट ऊंचे पुतले का दहन

उधर गांव अधोया में मंगलवार को दशहरा पर्व पर 90 फुट ऊंचे रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। रावण का पुतला तैयार करने पर करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हुए। रामलीला कमेटी के प्रधान संदीप चौहान और निर्देशक एवं सचिव अनिल अहलावादी ने बताया कि दशहरा पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह था। मंगलवार शाम साढ़े छह बजे आयोजित कार्यक्रम में बराड़ा के एमसी बलजिंदर सिंह जग्गी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रावण के पुतले का दहन किया। इस दौरान दशहरा कमेटी के संयोजक विक्रम राणा, अमरपाल राणा, रिचा पाहवा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, हन्नी पाहवा, पिंटू राणा, देवेंद्र बंसल, लक्की राणा, नवदीप शर्मा, कंवरपाल, हितेश पाहवा, हर्ष कोचर, राजेश सिंगला, कुंवर पाहवा, मनु पाहवा, लक्की, प्रशांत चौहान, रोहतास राणा सरपंच गांव थंबड, एडवोकेट अंकित, विपिन जायसवाल, सुरेश कुमार, कर्ण राणा, शक्ति राणा व अन्य मौजूद रहे।

क्रेन के जरिए खड़ा किया था पुतला

बराड़ा दशहरा महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशहरा कमेटी के संयोजक विक्रम राणा ने बताया कि रावण के 100 फुट ऊंचे विशाल पुतले को क्रेन की मदद से खड़ा कर दिया गया है। पुतला तैयार करने के लिए बुलाए गए कारीगर काम अधूरा छोड़कर चले गए थे। इसके बाद अमरपाल राणा ने पुतले को पूरा करवाने की जिम्मेदारी संभाली थी। स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयासों से रावण दहन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

मुलाना में 65 फीट रावण का पुतला

यहां के माता बाला सुंदरी मंदिर के मैदान में रावण के पुतले का दहन किया गया। यहां पर रावण के पुतले की लंबाई 65 फीट रही है। मेला आयोजन को लेकर इस बार आयोजकों की ओर से खास तैयारियां की गई थी। रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का भी दहन किया गया। इस नजारे को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बडी संख्या में लोगों ने हिस्सेदारी की।

अंबाला कैंट में चार जगह कार्यक्रम

अंबाला कैंट में हर बार की तरह इस बार भी दशहरा मेला का चार जगहों पर आयोजन किया गया। इसके तहत अंबाला कैंट के गांधी मैदान में मुख्य दशहरा उत्सव आयोजित हुआ। यहां पर करीब सत्तर फीट ऊंचे रावण के पुतले को तैयार किया गया था। इसी तरह रामबाग रोड दशहरा मैदान में भी करीब पैंतालिस फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ इसके अलावा रेलवे कालोनी स्थित नाचघर व तोपखाना परेड में दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ। हर जगह भारी संख्या में लोगों ने दशहरा उत्सव का आनंद लिया।

अंबाला शहर में तीन जगह मनाया उत्सव

अंबाला शहर में भी इस बार हर साल की तरह तीन जगह दशहरा उत्सव मनाया गया। इनमें हुडा मैदान सेक्टर नौ, रामबाग मैदान और बलदेव नगर में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। अंबाला शहर के रामबाग में 65 फीट रावण, 60 फीट कुभकर्ण, 55 फीट मेघनाद तैयार किए गए थे। बलदेव नगर में 55 फीट रावण और 50 फीट मेघनाथ बनाए गए थे। सनातन धर्म सभा दशहरा के संरक्षक अमरदीप सिंगला ने बताया कि सेक्टर नौ के ग्राउंड में हर साल दशहरा उत्सव का आयाजन किया जाता है।

राम-रावण के अंतिम युद्ध पर हुआ दहन

सभी जगह आयोजित दशहरा उत्सव में राम_रावण के युद्ध के बाद पुतलों का दहन किया गया। मेला आयोजकों की ओर से राम के एक तीर के साथ ही रावण का अंत का शानदार मंचन करने की व्यवस्था की गई थी। पुतलों के दहन के साथ ही भव्य आतिशबाजी हुई थी।

भजनों की धुन पर भक्तों संग झूमे मंत्री विज, माथा टेक देवी मां का आशीर्वाद लिया

- बाजीगर मोहल्ले में विशाल भगवती जागरण में ज्योति प्रचंड की
- आयोजक समिति को 21 हजार रुपये स्वैच्छिक कोष से दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने नवरात्रों के अवसर पर देर रात्रि अलग-अलग स्थानों पर आयोजित भगवती जागरण एवं माता की चौकी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर देवी मां का आर्शीवाद लिया। इस दौरान वे भजनों और भेंटों पर भक्तजनों के साथ जमकर झूमे। देर रात्रि शास्त्री कॉलोनी परिवार रेजिडेंट सोसायटी द्वारा कॉलोनी के पार्क में "माता की चौकी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने देवी मां के समक्ष श्रद्धापूर्वक माथा टेका और आरती में हिस्सा लिया। इस दौरान महामाई के भजनों व भेंटों पर ऊर्जा मंत्री श्रद्धालुओं के साथ श्रद्धापूर्वक झूमे। इस दौरान सोसायटी पदाधिकारियों द्वारा विज को सम्मानित भी किया गया। सोसायटी के चेयरमैन कपिल विज, प्रधान राजेश अग्रवाल, बलित नागपाल, विपिन खन्ना, गौरव सोनी, विवेक जैन, सुमेश खन्ना, प्रवेश शर्मा, दीपक कौशिक, भोला, डॉ. हरप्रकाश, दिनेश अग्रवाल, दीपक, परवीन, दिनेश सचदेवा, प्रमोद शर्मा, अनु विज, डिंपल अग्रवाल, आशा खन्ना, सविता विज, सोनिया देसवाल, सोनिया नागपाल, वनिता, प्रियंका चोपड़ा, शालू भसीन, मधु खन्ना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



लोगों के साथ झूमते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इससे पहले ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने एफसीआई गोदाम के निकट बाजीगर मोहल्ले में आयोजित 10वें विशाल भगवती जागरण में श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया। उन्होंने जागरण में माता रानी का आर्शीवाद लेते हुए ज्योति प्रचंड की जिसके बाद सभी को नवरात्रों व विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक समिति को अपने स्वैच्छिक कोष से 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर विज का बाजीगर मोहल्ला में भाजपा नेता विक्की बाजीगर, अनिल नागर, ललता प्रसाद, रवि बुद्धिराजा, प्रवेश शर्मा, विजय धीमान, अनिल बहल सहित बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

ट्राले की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, मां व बेटा घायल

जींद। नरवाना के सदर थाना के निकट तेजरफ्तार ट्राले की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई। जबकि मृतका के साथ सवार मां बेटा घायल हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर फरार ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलराज नगर (कैथल) निवासी पलक (26) गांव खानपुर निवासी उसकी सहेली ममता, उसका बेटा तनिष्क (4) वर्ष गत दिवस स्कूटी पर पूजा अर्चना के लिए गांव बनभौरी गई थी। शाम को तीनों स्कूटी पर सवार होकर वापस कैथल लौट रही थी। नरवाना के सदर थाना से आगे हिसार-चंडीगढ़ पर पीछे से आ रहे तेजरफ्तार ट्राले ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक ट्राले समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तीनो को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने पलक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका के भाई रवि चौहान ने बताया कि पलक कैथल के प्राइवेट अस्पताल में नर्स का कार्य करती थी। सोमवार को सुबह वह उसकी सहेली तथा बच्चे के साथ गांव बनभौरी पूजा अर्चना के लिए स्कूटी पर गई थी।

अंबाला: गायकों ने अपनी मधुर आवाज में फिल्मों के सदाबहार गीतों से समां बांधा

- "गुदगुदी जंक्शन-गाता रहे मेरा दिल" द्वारा "गीत गाता चल" कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला क्लब के नीलगिरि सभागार में सोमवार सायं संगीतमयी कार्यक्रम /"गीत गाता चल/" आयोजित किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारी असीम अग्रवाल ने बताया कि गुदगुदी जंक्शन के 200वें म्यूजिकल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल हुए। संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ कुरूक्षेत्र से संरक्षक जितेंद्र बंसल, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.गुलशन ग्रोवर, अमरजीत पांचाल और जिला अम्बाला प्रभारी डॉ. संजय गौतम, सामाजिक आयोजन प्रभारी अरुण शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इससे पूर्व सभी पदाधिकारियों और गायकों द्वारा सुरों की देवी मां सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम अधिकारी राकेश आहूजा के निर्देशन में गाता रहे मेरा दिल के गायकों ने अपनी मधुर आवाज में फिल्मों के सदाबहार गीतों से समां बांधा जिसमें अम्बाला छावनी प्रभारी राकेश आहूजा ने टाइटल सांग /"गीत गाता चल/"...,ललित वर्मा ने /"दिल में हो तुम आंखों में तुम/"...,सुरेश कुमार ने /" ओ हसीना जुल्फों वाली...,इंद्र शर्मा ने /"ये तेरी आंखें झुकी झुकी/"....,अमीषा ने /"रहे न रहे हम/"...,संजीव शर्मा ने जब वी मैट का कर्णप्रिय गीत /"तुम से ही/"....आदि गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। गीतों के दूसरे राउंड ड्यूट सांग में राकेश आहूजा- संजीव शर्मा ने /"चल मेरे भाई तेरे हाथ जोड़ता हूं/"...,ललित वर्मा- सुरेश कुमार ने /"सलामत रहे दोस्ताना हमारा/"...और इंद्र शर्मा-अमीषा ने /"देखा है पहली बार/"...काफी सराहे गए।



अंबाला। कार्यक्रम में झूमते संगीत प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

अध्यक्षीय संबोधन में चंद्रमौलि ने कहा कि जीवन में गीत-संगीत का योगदान अत्यंत गहरा, व्यापक और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा हुआ है। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारे मानसिक, शारीरिक और सांस्कृतिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। संगीत मस्तिष्क को सुकून देता है, तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है। जब शब्द भावनाओं को बयां करने में असमर्थ होते हैं, तब गीत-संगीत हमारी खुशी, दर्द, प्यार और उदासी को आसानी से अभिव्यक्त कर देता है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी डॉ.संजय गौतम, असीम अग्रवाल, संजय कपूर, विद्या दत्त शर्मा, रामचंद्र सपरा, विनोद कुमार सपरा, अंजली सिफ्रर, मीरा कपूर,सूबेदार मेजर लाभ भारद्वाज, जगदीश शर्मा, ताराचंद शर्मा, राजकुमार चौहान, अशोक चौहान, कुलबीर सिंह चोपड़ा, कपिल नारंग, गुलशन नारंग और मोहित शर्मा सहित बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल रहे।



अग्रोहा धाम यात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

कुरुक्षेत्र। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन के निकट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्र बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रधान विशाल सिंगला ने आगामी 25 अक्तुबर को आयोजित होने वाली अग्रोहा धाम यात्रा में शामिल होने के लिए सभी अग्र बंधुओं को सादर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विशाल सिंगला ने सभी अग्र बंधुओं से अपील की कि वे इस धार्मिक एवं सामाजिक यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब प्रतियोगिता

विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब में अटल टिंकरिंग लैब प्रतियोगिता 2026–27 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, तकनीकी ज्ञान और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो स्तरों में आयोजित किया गया। प्रथम स्तर (कक्षा छठी एवं सातवीं) तथा द्वितीय स्तर (कक्षा आठवीं से दसवीं)। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक सेंसर, प्रोग्रामिंग, स्वचालन तथा आधुनिक तकनीक पर आधारित विभिन्न उपयोगी और नवीन प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इनमें स्मार्ट रेफ्रिजरेटर, इको पॉटहोल–रोड सेफ्टी वार्निंग सिस्टम, अल्को लॉक–स्मार्ट व्हीकल इग्निशन इंटरलॉक सिस्टम, इंटेली ट्रैफिक, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्ट एंटी-कोलिजन स्टिक, एलओटी आधारित फायर एवं एलपीजी डिटेक्शन एंड अलर्ट सिस्टम, ग्रीन कॉरिडोर फॉर इमरजेंसी व्हीकल्स, इको स्ट्रीट–स्मार्ट लाइटिंग एवं ग्रीनर फ्यूचर, जैसे प्रोजेक्ट शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उनकी उत्सुकता, आत्मविश्वास और तकनीकी कौशल सराहनीय रहे। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाओं को व्यावहारिक रूप देने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स की सराहना की। बताया कि नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का उद्देश्य छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता कल्पनाशीलता को बढ़ावा देना है।



अंबाला। प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ये रहे विजेता

निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन नवीनता एवं रचनात्मकता, वैज्ञानिक एवं तकनीकी समझ, कार्यशील मॉडल की उपयोगिता तथा प्रस्तुतीकरण एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग जैसे मानदंडों के आधार पर किया।प्रतियोगिता में प्रथम स्तर (कक्षा छठी एवं सातवीं) पर प्रथम स्थान काव्या एवं अक्ष (ग्रीन कॉरिडोर फॉर इमरजेंसी व्हीकल्स), द्वितीय स्थान – विराज एवं नवदीप (एनिमल डिटेक्टर), तृतीय स्थान – सहजप्रीत एवं सर्गुन (स्मार्ट हेलमेट) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्तर (कक्षा आठवीं से दसवीं) पर प्रथम स्थान नमन खटकर (अल्को लॉक – स्मार्ट व्हीकल इग्निशन इंटरलॉक सिस्टम), द्वितीय स्थान – युवराज सिंह (एलओटी आधारित फायर एवं एलपीजी डिटेक्शन एंड अलर्ट सिस्टम), द्वितीय स्थान – आरव एवं रुद्र (स्मार्ट रेफ्रिजरेटर) ने हासिल किया।